# सीईओ ने स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**भिंड 3 जुलाई.** जिले में शैक्षणिक एवं पोषण व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वीरसिंह चौहान ने शुक्रवार को जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम मानपुरा, बाराकलां एवं सेंहुड़ा स्थित शासकीय विद्यालयों एवं

**व्यवस्थाओं में मिली खामियों पर जताई नाराजगी**

आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति, पाठ्यपुस्तकों का वितरण, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, विद्यालय एवं आंगनवाड़ी परिसरों की साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा भवनों की स्थिति का गहन निरीक्षण किया। कई स्थानों पर व्यवस्थाओं में कमियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश



दिए।

सीईओ चौहान ने कहा कि शासन का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर पोषण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विद्यालय और आंगनवाड़ी केवल औपचारिक रूप से संचालित न हों, बल्कि वहां प्रत्येक बच्चे को शासन की सभी सुविधाओं का वास्तविक लाभ मिलना चाहिए।

**मानपुरा विद्यालय में कम छात्र संख्या और किताबों की कमी पर नाराजगी**

निरीक्षण के दौरान ग्राम मानपुरा के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई। कई बच्चों को अभी तक पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई गई थीं। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। इस पर सीईओ ने संबंधित शिक्षकों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विद्यार्थियों को तत्काल पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं तथा विद्यालय की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए स्वच्छ एवं प्रेरणादायक वातावरण तैयार करना शिक्षकों की जिम्मेदारी है।

**आंगनवाड़ी केंद्रों में रिकॉर्ड और स्वच्छता पर उठे सवाल**

मानपुरा स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड संधारण में अनियमितताएं एवं साफ-सफाई की कमी सामने आई। इस पर सीईओ ने संबंधित आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के पोषण, टीकाकरण, उपस्थिति तथा अन्य अभिलेखों का नियमित एवं व्यवस्थित संधारण किया जाए। साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सभी सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

**मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश**

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत तैयार किए जा रहे मध्याह्न भोजन का भी सीईओ ने निरीक्षण किया। उन्होंने रसोईघर की साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता तथा निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा भोजन पौष्टिक एवं स्वच्छ वातावरण में तैयार होना चाहिए।

**बाराकलां हाई स्कूल में रिकॉर्ड और मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा**

ग्राम बाराकलां के शासकीय हाई स्कूल में निरीक्षण के दौरान छात्र उपस्थिति एवं अभिलेखों में असंगतियां सामने आईं। विद्यालय में विद्युत व्यवस्था तथा भवन संबंधी कमियों को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

**जर्जर भवन में बच्चों को बैठाने पर लगाई रोक**

बाराकलां हाई स्कूल परिसर में स्थित जर्जर भवन का निरीक्षण करते हुए सीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में बच्चों को जर्जर भवन में नहीं बैठाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भवन के डिस्मेंटल (ध्वस्तीकरण) के लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना समाप्त की जा सके।



# भाजपा सरकार युवाओं और किसानों के मुद्दों पर जवाब दे

नवभारत न्यूज

**भिंड 3 जुलाई.** जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष धर्मेंद्र भदौरिया 'पिंकी' ने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर युवाओं, किसानों और आम जनता की समस्याओं की अनदेखी करने का

**कांग्रेस चलाएगी प्रदेशव्यापी जनआंदोलन: धर्मेंद्र भदौरिया पिंकी**

आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था बदहाल है, किसान खाद और बिजली संकट से जूझ रहे हैं तथा भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के मामलों पर सरकार जवाब देने से बच रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब इन मुद्दों को लेकर प्रदेशभर में चरणबद्ध जनआंदोलन चलाएगी और जनता की आवाज को सड़क से लेकर विधानसभा तक बुलंद करेगी।

भदौरिया ने कहा कि नीट और सीबीएसई परीक्षाओं से जुड़े विवादों ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित किया है। छात्रों की शिकायतों की अनदेखी से युवाओं में निराशा बढ़ी है। कांग्रेस 'छात्रों की गूंज' अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय की मांग करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़े कथित उज्जैन भूमि प्रकरण और महाकाल लोक परियोजना को लेकर उठे सवालों पर भी सरकार से जवाब मांगा। उनका कहना था कि यदि सरकार और मुख्यमंत्री पर लगाए गए आरोप निराधार हैं, तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर तथ्य सार्वजनिक किए जाने चाहिए। कांग्रेस नेता ने बताया कि पार्टी प्रदेशभर में पत्रकार वार्ताएं आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य, किसानों के अधिकार, पारदर्शी शासन और लोकतांत्रिक जवाबदेही की रक्षा के लिए है।

# ऐप के माध्यम से ई-रिक्शा बंद होने से चालकों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

**भिंड 3 जुलाई.** लहार क्षेत्र में इलेक्ट्रिक ऑटो (ई-रिक्शा) के संचालन के दौरान ऐप के माध्यम से अचानक वाहन बंद किए जाने की लगातार बढ़ती घटनाओं से नाराज चालकों ने शुक्रवार को सामाजिक क्रांति ऑटो ई-रिक ?शा मोर्चा, लहार के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। चालकों का कहना है कि इस तकनीकी व्यवस्था का दुरुपयोग होने से उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है और उनकी सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है।



मोर्चा के संस्थापक इंजी. वीरू धनोलिया ने बताया कि पिछले कुछ समय से लहार क्षेत्र में कई इलेक्ट्रिक ऑटो चालकों के वाहन चलते-चलते अचानक ऐप के माध्यम से बंद हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में चालकों को बीच रास्ते में यात्रियों को उतारना पड़ता है और कई बार वाहन को कई किलोमीटर तक धक्का देकर ले जाना पड़ता है। इस दौरान मोर्चा के सह-संस्थापक जितेंद्र बघेल, अध्यक्ष मुकेश कुशवाह, उपाध्यक्ष भारत बघेल, कोषाध्यक्ष मुनील शाक्य, सचिव संदीप वाल्मीकि, महासचिव मनोज खरे, महामंत्री मोहर सिंह दोहरे, स्टैंड अध्यक्ष बबलू नहले, इंदल राठौर, मीडिया प्रभारी संजीव कुशवाह, खान, विश्राम, रामकेश, प्रदीप सिकरी, उमेश राठौर, अजय, मनीष सहित बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक ऑटो (ई-रिक्शा) चालक एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा अजा मोर्चा ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म महा प्रशिक्षण अभियान को लेकर बनाई रणनीति

नवभारत न्यूज

**भिंड 3 जुलाई.** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म महा

**6 जुलाई तक लक्ष्य पूरा करने का आह्वान, जिला व मंडल स्तरीय टोलियों का गठन**

प्रशिक्षण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में जिला एवं मंडल स्तरीय पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के प्रभावी संचालन के लिए जिला एवं मंडल



स्तर पर टोलियों का गठन किया गया तथा 6 जुलाई तक निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक में अभियान के जिला प्रभारी राकेश माहौर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण अभियान भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर अनुसूचित जाति समाज के लोगों तक पहुंचकर उन्हें पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं संगठनात्मक कार्यप्रणाली से डिजिटल माध्यम के जरिए जोड़ने का कार्य करें। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पिंकी सागर ने कहा कि जिले के 1,588 बूथों पर अनुसूचित जाति समाज के कार्यकर्ता पहुंचकर इस अभियान को सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर डिजिटल प्रशिक्षण के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिला एवं मंडल स्तर पर गठित टोलियां लगातार संपर्क अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में संगठनात्मक प्रशिक्षण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को तकनीक से जोड़कर संगठन को और अधिक सक्षम एवं प्रभावी बनाया जा रहा है।बैठक के दौरान भाजपा जिला महामंत्री मनोज अनंत, सुनील वाल्मीक, मोर्चा के महामंत्री शैलेंद्र रिटोरिया, ध्यानेंद्र, होम सिंह, मदन सिंह जाटव, अमर सिंह, सोनू करोसिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अभियान को सफल बनाने के लिए अपने विचार रखे।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल, जनता के सवालों पर प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी कांग्रेस : रामशेष बघेल

नवभारत न्यूज

**भिंड 3 जुलाई.** जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर शिक्षा, कृषि, रोजगार

**शिक्षा, किसान, भ्रष्टाचार और पारदर्शिता के मुद्दों पर सरकार को घेरा, आंदोलन की रूपरेखा की घोषित**

और सुशासन के मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस अब इन जनसरोकारों को लेकर प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी।

उन्होंने कहा कि युवाओं, किसानों और आम जनता की आवाज को सड़कों से लेकर



विधानसभा तक मजबूती से उठाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था लगातार अव्यवस्था का शिकार होती जा रही है। नीट और सीबीएसई परीक्षाओं से जुड़े विवादों ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। छात्रों की शिकायतों और मांगों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, जिससे युवाओं में निराशा और असंतोष बढ़ा है। कांग्रेस 'छात्रों की गूंज' अभियान के माध्यम से प्रदेशभर के विद्यार्थियों तक पहुंचकर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय की मांग करेगी।

**भ्रष्टाचार की शिकायतों के लिए बनेगा डिजिटल पोर्टल**

रामशेष बघेल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस शीघ्र ही एक विशेष डिजिटल पोर्टल प्रारंभ करेगी, जहां नागरिक भ्रष्टाचार, सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग अथवा कथित अवैध संपत्तियों से संबंधित जानकारी एवं दस्तावेज सुरक्षित और गोपनीय तरीके से साझा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्राप्त तथ्यों का सत्यापन कर उचित समय पर उन्हें सार्वजनिक किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सह सचिव मनोज देपुरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष जय श्रीराम बघेल, संगठन महासचिव महेश जाटव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बाबूराम जामोर, नरोत्तम सिंह नरवरिया, मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी, रामस्वरूप गोयल, अरविंद यादव हैवदपुरा, संदीप बघेल, विवेक जामोर, अभिषेक मौर्य सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खाद-बिजली संकट से जूझ रहा किसान**

रामशेष बघेल ने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान प्रदेश का किसान खाद और बिजली की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। डीएपी और यूरिया की कमी, खाद की कथित कालाबाजारी, ऊंचे दामों पर उर्वरकों की बिक्री तथा पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# गौरी सरोवर का विधायक ने किया निरीक्षण, जलकुंभी हटाने और व्यापक पौधारोपण करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**भिंड 3 जुलाई.** विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत शहर के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल गौरी सरोवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत वर्मा, नगर पालिका के इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक ने सरोवर की स्वच्छता, जलकुंभी हटाने, पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक कुशवाह ने कहा कि गौरी सरोवर भिण्ड शहर की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक धरोहर है। इसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित रखने के लिए सभी



आवश्यक प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, हरित और आकर्षक गौरी सरोवर न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

**जलकुंभी हटाने और सफाई अभियान तेज करने के निर्देश-** निरीक्षण के दौरान सरोवर के दूसरे हिस्से में फैली जलकुंभी को देखकर विधायक ने नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसे शीघ्र हटाकर जलाशय की समुचित साफ-सफाई कराई जाए।

**100 पौधों के रोपण कार्य का किया निरीक्षण**

विधायक ने सरोवर किनारे लगाए जा रहे लगभग 100 पौधों का निरीक्षण किया तथा पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरोवर परिसर में जहां-जहां खाली भूमि उपलब्ध है, वहां व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाए, ताकि पूरा परिसर हरियाली से आच्छादित हो सके।

**स्वच्छ और सुंदर बने गौरी सरोवर**

विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरोवर के आसपास जहां कहीं भी गंदगी या अव्यवस्था दिखाई दे, वहां तत्काल सफाई कराई जाए। साथ ही पर्यटकों एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए पूरे परिसर को व्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत वर्मा, नगर पालिका के संबंधित इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एबीवीपी मेहगांव इकाई की नई कार्यकारिणी घोषित



**भिंड 3 जुलाई.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की मेहगांव नगर इकाई द्वारा एसएनसी मेमोरियल विद्यालय में एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सत्र 2026-27 के लिए नई नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम में संगठन की कार्यपद्धति, राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका तथा छात्रहित से जुड़े विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।कार्यक्रम में जिला विद्यार्थी विस्तारक अमित कुमार राय, निर्वाचन अधिकारी सुमित दीक्षित तथा भाग संयोजक संतोष गुर्जर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में एबीवीपी कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रियांशु दांतरे को नगर अध्यक्ष एवं अनुज करैया को नगर मंत्री चुना गया। पदभार ग्रहण करने के बाद दोनों पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा दिए गए दायित्व का निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी नवदायित्वधारियों का स्वागत किया गया तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

## दबोह पुलिस ने छात्रों को किया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक, थाना प्रभारी रवि उपाध्याय ने बताए साइबर ठगी से बचाव के उपाय



**भिंड 3 जुलाई.** डिजिटल युग में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और युवाओं को ऑनलाइन ठगी एवं साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दबोह पुलिस द्वारा लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर के चौक मोहल्ला स्थित साकेत इंग्लिश कोचिंग संस्थान में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दबोह थाना प्रभारी रवि उपाध्याय ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी रवि उपाध्याय ने कहा कि आज के दौर में मोबाइल फोन और इंटरनेट हमारी दैनिक जरूरत का हिस्सा बन चुके हैं।

# नगर स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आज विद्यार्थियों से सहभागिता का आह्वान

नवभारत न्यूज

**गोहद, 3 जुलाई।** भारत विकास परिषद, शाखा गोहद द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, कल्पनाशीलता एवं कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 4 जुलाई को प्रात: 8:00 बजे से 10:00 बजे तक किया जाएगा।

प्रतियोगिता का आयोजन तीन केन्द्रों पर किया जाएगा— शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोहद, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मौ तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मालनपुर।

प्रतियोगिता में Sub-Junior,



Junior एवं Senior वर्गों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। पंजीयन शुल्क ?30 प्रति विद्यार्थी निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता हेतु आवश्यक सामग्री (ड्राइंग शीट आदि) परिषद द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक प्रतिभागी को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा, जबकि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को भी सम्मानित किया जाएगा।

भारत विकास परिषद, शाखा गोहद ने क्षेत्र के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। परिषद का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मक सोच, सांस्कृतिक चेतना तथा सामाजिक मूल्यों का विकास करना है.

# निर्माण शुरू होते ही खुली गुणवत्ता की पोल

**मालनपुर में नाला निर्माण पर उठे गंभीर सवाल ,निर्माणाधीन नाले से झांकने लगे सरिए, घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का आरोप**

नवभारत न्यूज

**मालनपुर 3 जुलाई.** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माणाधीन नाला निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि निर्माण के शुरुआती चरण में ही नाले के कई हिस्सों में कंक्रीट उखड़ने जैसी स्थिति दिखाई दे रही है और सरिए बाहर निकलते नजर आ रहे हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े



हो गए हैं।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि निर्माण के दौरान ही ऐसी स्थिति सामने आ रही है, तो भविष्य में यह नाला आमजन के लिए परेशानी का कारण बन सकता है और सरकारी धन की भी बर्बादी होगी।

**नगर परिषद और निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य की प्रभावी निगरानी नहीं होने के कारण गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उनका आरोप है कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करते तो प्रारंभिक अवस्था में ही सामने आ रही खामियों को रोका जा सकता था।

**दोषियों पर कार्रवाई और गुणवत्ता जांच की मांग-** शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि निर्माणाधीन नाले की जांच किसी स्वतंत्र तकनीकी टीम से कराई जाए। यदि जांच में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग अथवा गुणवत्ता में कमी की पुष्टि होती है तो संबंधित निर्माण एजेंसी, जिम्मेदार अधिकारियों एवं दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए तथा आवश्यक होने पर दोषपूर्ण निर्माण को हटाकर पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम सौंपा शिकायत पत्र**

मामले को गंभीर बताते हुए क्षेत्र के नागरिक नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम एक लिखित शिकायत सौंपकर पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है तथा कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है।शिकायत सौंपने वालों में दिनेश तरल, राजू सागर, ब्रजेश, संतोष कुशवाह सहित अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मांग की कि निर्माण कार्य का निष्पक्ष परीक्षण कराया जाए और यदि अनियमितताएं सामने आती हैं तो संबंधित निर्माण एजेंसी एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।